सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

बजट 2022-2023

श्री अशोक गहलोत

मुख्यमंत्री
का
बजट भाषण

23 फरवरी 2022

फाल्गुन कृष्ण ७, विक्रम संवत् २०७८

<u>बजट 2022 - 23</u>

प्रभावित हुई प्रदेश की जनता को अपनी जिंदगी पुनः पटरी पर लाने के लिए हमें और अधिक सहायता उपलब्ध करानी होगी। इस क्रम में–

I. अब मैं, शहरों में भी रोजगार सुनिश्चित करने के लिए **'इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना'** लागू करने की घोषणा करता हूँ। इस योजना के माध्यम से आगामी वर्ष से शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले परिवारों को भी उनके द्वारा मांगे जाने पर प्रतिवर्ष 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। इस पर लगभग 800 करोड़ रुपये वार्षिक खर्च होंगे।

II. कोविड से उत्पन्न परिस्थितियों का सामना करने में सहायता देने की दृष्टि से आगामी वर्ष मैं, महात्मा गांधी नरेगा योजना में उपलब्ध 100 दिवस के रोजगार को राज्य सरकार के खर्चे पर बढ़ाते हुए 125 दिवस करने की घोषणा करता हूँ। इस पर लगभग 750 करोड़ रुपये व्यय होंगे।

III. कोरोना काल के दौरान शिक्षा में हुए नुकसान की भरपाई के लिए आगामी वर्ष स्कूली विद्यार्थियों के लिए 3 माह की अवधि के Bridge Courses चलाये जाना प्रस्तावित है। इसके लिए 75 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जायेगा।

IV. कोरोना काल में सभी वर्गों के परिवार आर्थिक रूप से प्रभावित हुए हैं। अब मैं, अल्प आय वर्ग के साथ–साथ समस्त 118 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने की दृष्टि से आगामी वर्ष 100 यूनिट प्रतिमाह तक बिजली का उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं को 50 यूनिट तक बिजली **निःशुल्क** उपलब्ध करवाने की घोषणा करता हूँ। इसके साथ–साथ समस्त घरेलू उपभोक्ताओं को 150 यूनिट